




फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई-पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें - www.bhedinazar.com

दिल्ली, रविवार 22 दिसंबर 2024

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश का प्रमुख हिन्दी दैनिक

वर्ष : 21 अंक : 252 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. DEL/HIN/2004/13528 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2023/25 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 1 रुपये


## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल को बड़ा झटका

#### एलजी ने ईडी को दी एएपी प्रमुख के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शराब घोटाले से जुडे केस में ईडी को केस चलाने की मंजूरी दे दी है। केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े केस में पहले ही जेल जा चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत मिलने के बाद बाहर हैं लेकिन अब ईडी के नए केस से उनकी परेशानियां बढ़



सकती हैं। दरअसल, केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने 05 दिसंबर को अरविंद केजरीवाल पर केस चलाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से अनुमति मांगी थी। ईडी ने बताया था कि एजेंसी को शराब नीति बनाने और उसे लागू करने के मामले में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कुछ अहम जानकारियां मिली हैं। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर एलजी वीके सक्सेना को भेजी केस चलाने की अपनी रिक्वेस्ट में 17 मई को दायर राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर प्रॉसीक्यूशन कंप्लेट में एजेंसी ने इसका उल्लेख किया था, जिसे कोर्ट ने 9 जुलाई को संज्ञान लिया था। ईडी ने निचली अदालत में दायर अपने अभियोजन में गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

### बांग्लादेश में 2 दिन में 3 हिंदू मंदिर पर हमला

#### कई मूर्तियां खंडित,इस साल अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के 2200 मामले

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में पिछले कुछ वक्त से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दो दिन शुक्रवार और गुरुवार को भी बांग्लादेश में तीन मंदिरों को निशाना बनाया गया। हमलावरों ने इन मंदिरों पर हमला कर कई मूर्तियों को खंडित कर दिया। बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में हलुआघाट पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने




शुक्रवार सुबह शाकुई संघ में बोंडेरपारा मंदिरों पर हमला कर दो मूर्तियों को खंडित कर दिया। इस घटना में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है और न ही किसी की गिरफ्तारी हुई है। वहीं गुरुवार सुबह हलुआघाट में ही पोलाशकंडा काली मंदिर में पर हमला कर मूर्ति को खंडित कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में 27 साल के एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। बता दें कि भारत सरकार के अनुसार इस साल 8 दिसंबर तक बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 2200 से ज्यादा मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इससे पहले बीरगंज में मंगलवार को झारबारी शासन काली मंदिर में 5 मूर्तियों को खंडित किया गया था।

## दान पेटी में गिरा आईफोन, मंदिर ने बताया अपनी संपत्ति

### युवक ने फोन मांगा तो मंदिर प्रशासन बोला-अब ये भगवान का, सिम कार्ड-डेटा ले लो



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिल फिल्म 'पालयथम्मन' में एक महिला गलती से अपने बच्चे को मंदिर की 'हुंडी' (दान पेटी) में गिरा देती है और बच्चा 'मंदिर की संपत्ति' बन जाता है। ऐसी ही घटना चेन्नई के पास थिरुपुरुर के अरुलमिगु कंदस्वामी मंदिर में हुई है। दरअसल, विनयागपुरम के रहने वाले एक भक्त दिनेश का आईफोन गलती से मंदिर की दान पेटी में गिर गया। आईफोन वापस मांगने के लिए उन्होंने मंदिर प्रशासन से संपर्क किया। हालांकि, उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। मंदिर के अधिकारियों ने दिनेश से कहा कि हुंडी में मिली कोई भी चीज भगवान की होती है। हालांकि, मंदिर प्रशासन ने उन्हें सिम कार्ड देने और फोन से डेटा डाउनलोड करने की पेशकश की। दिनेश बोले- दान के लिए पैसा निकाल रहा था, फोन ही गिर गया दिनेश एक महीने पहले परिवार के साथ मंदिर गए थे। पूजा के बाद वे दान पेटी में पैसे डालने गए थे। जब वह अपनी शर्ट की जेब से नोट निकाल रहे थे, तो उनका आईफोन गलती से दान पेटी में गिर गया।

चूंकि दान पेटी ऊंचाई पर रखी हुई थी, इसलिए वह फोन नहीं निकाल पाए। घबराए हुए दिनेश ने मंदिर के अधिकारियों से संपर्क किया। दो महीने में एक बार खुलती है दान पेटी मामला नवंबर का है, लेकिन दिनेश शुक्रवार, यानी 20 दिसंबर को अपना आईफोन लेने मंदिर पहुंचे थे। दरअसल, मंदिर के नियम के मुताबिक दान पेटी दो महीने में एक बार खोली जाती है। दिनेश ने मंदिर प्रशासन से अपने फोन गिरने की शिकायत दर्ज कराई। उन्हें दिसंबर में आने को कहा गया।

## सेना के 'ऑपरेशन क्लीन' से शांति की ओर मणिपुर

- एक महीने में 20 उग्रवादी पकड़े,कश्मीर की तरह चला रही है प्लान
- 600 दिनों में पहली बार एक महीने से नहीं हुई हिसा की कोई घटना



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जातीय हिंसा के 600 दिन रविवार को पूरे हो जाएंगे। इन 600 दिनों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब लगातार एक महीने से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी मैतेई-कुकी समुदायों की महिलाएं सड़कों पर नहीं उतरीं। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की तादाद बढ़ रही है। इसकी वजह यहां चल रहा सेना का कश्मीर जैसा ऑपरेशन 'क्लीन' है। कश्मीर में सेना जहां भी सर्च ऑपरेशन चलाती है, वहां पूरे इलाके को आतंक से क्लीन करने के बाद ही सामाजिक गतिविधियों को पटरी पर लाने का काम होता है। मणिपुर में भी कुछ ऐसा ही ऑपरेशन हो रहा है। 30 दिन में उग्रवादी संगठनों के 20 उग्रवादी कैडर पकड़े गए इसी ऑपरेशन का असर है कि 30 दिन में न केवल हथियार-गोला बारूद की कोई बड़ी खेप जब्त हुई है, बल्कि उग्रवादी संगठनों के 20 से अधिक कैडरों को भी दबोचा गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भास्कर को बताया कि हमारा फोकस उग्रवाद वाले बफर इलाकों में सब कुछ न्यूट्रल करने पर है। इनमें वे इलाके भी शामिल हैं, जहां बीते डेढ़ साल में किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। वहीं, पूरे राज्य में सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज की 288 कंपनियों में करीब 40 हजार जवान तैनात हैं। अब तक सेना ने एके-47 सीरीज की 20 से अधिक राइफल्स के साथ 7.62 एमएम एसएलआर राइफल, 5.5 एमएम इंसास राइफल, .22 राइफल, .303 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, पोम्पी गन, सैकड़ों किलो आरडीएक्स बरामद की है। इतने हथियारों की बरामदगी पहली बार हो रही है। यह बरामदगी लगातार जारी है। पुलिस ने बताया कि 19 दिसंबर को सर्च ऑपरेशन के दौरान कई हथियार बरामद हुए। इनमें 9 एमएम कार्बाइन मशीन गन, .303 राइफल, 9 एमएम देशी पिस्टल, .32 पिस्टल, 123 जिंदा कारतूस, पोंपी गन (देशी मशीन गन), कार और मोबाइल फोन बरामद हुआ।

### मुश्किल में प्रियंका,जा सकती है संसद सदस्यता!

**वायनाड़ (एजेंसी)।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचित कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि बीजेपी नेता नव्या हरिदास ने केरल हाई कोर्ट में कांग्रेस सांसद के खिलाफ याचिका दायर की है। नव्या ने अपनी याचिका में प्रियंका गांधी की वायनाड लोकसभा सीट से निर्वाचन को चुनौती दी है।



याचिका में दावा किया गया है कि उपचुनाव के दौरान नामांकन पत्र में प्रियंका गांधी ने खुद की और अपने परिवार की संपत्ति की सही जानकारी का उल्लेख नहीं किया है। आरोप है कि प्रियंका गांधी ने चुनावी पत्र में गलत आंकड़े बताए हैं। इस बारे में नव्य हरिदास का कहना है कि यह आदर्श आचार संहिता का उलल्घन है। उन्होंने इसे भ्रष्ट आचरण करार दिया है। केरल हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद अब प्रियंका गांधी की वायनाड से सांसदी सवालों के घेर में आ गई हैं।

## हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस अभी नहीं होंगे सस्ते

**जैसलमेर (एजेंसी)।** हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस पर फिलहाल जीएसटी कम नहीं होगा। जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी कम करने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टर्म इंश्योरेंस, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स कम करने का प्रस्ताव राज्यों के विरोध के चलते टल गया है। काउंसिल ने मंत्रियों से इस पर और अध्ययन करने को कहा है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक जैसलमेर में चल रही है। बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा- बीमा पर जीएसटी कम करने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया है। आज दो चरणों में बैठक हो रही है। पहले चरण की बैठक सुबह 11 से दोपहर पौने दो बजे तक चलेगी। इसके बाद शाम साढ़े चार बजे से दूसरे चरण की बैठक शुरू होगी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ गोवा, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, मेघालय और ओडिशा के मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री, आर्थिक मामलों और व्यय विभागों के सचिव और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए हैं। बैठक में कई वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव हुआ है।



- जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की बैठक में हो गया फैसला
- राज्यों के विरोध के कारण टैक्स कम करने का प्रस्ताव अटका

## संभल में एएसआई ने कल्कि मंदिर का फिर किया सर्वे

- कई जगह के फोटो और वीडियो लिए,कृष्ण कूप भी देखा

**संभल (एजेंसी)।** संभल में भारतीय पुरातत्व विभाग यानी एएसआई टीम ने शनिवार को कल्कि मंदिर का सर्वे किया। टीम ने गुंबद की तस्वीरें खींचीं। दीवारों पर नक्काशी के वीडियो बनाए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में स्थित कृष्ण कूप यानी कुएं का भी सर्वे किया। एएसआई टीम का संभल में यह दूसरा दिन है। शुक्रवार को टीम ने गुपचुप तरीके से 9 घंटे तक सर्वे किया था। 5 तीर्थ स्थलों और 19 कुओं से नमूने लिए थे। कल्कि मंदिर और कृष्ण कुएं को लेकर फिलहाल कोई विवाद नहीं है। माना जा रहा है कि एएसआई ने मंदिर और कुआं कितना पुराना है। यह जानने के लिए सर्वे किया। सर्वे के दौरान वंदना मिश्रा के साथ भारी संख्या में फोर्स मौजूद रही। एएसआई की टीम ने मंदिर के शिखर का सर्वे किया। मंदिर के पुजारी महेंद्र प्रसाद शर्मा ने एएसआई से मंदिर में फिर से नक्काशी करवाने की मांग की है। एएसआई ने डॉक्टर वंदना मिश्रा ने बताया कि एएसआई ने मंदिर और उसके बगल बने कूप का सर्वे किया। फोटो-वीडियो लिए। टीम ने करीब 20 मिनट तक सर्वे किया।



## रूस के कजान में यूक्रेन का 9/11 जैसा अटैक

- 8 ड्रोन दागे, 6 रिहायशी इमारतों को बनाया निशाना
- एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोकी गईं, एजेंसियां ऐक्टिव

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के कजान शहर में शनिवार सुबह अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किए। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर हुए। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर है। अभी तक हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आ रहे हैं। इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। अमेरिका में 2001 में आतंकियों ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर इसी तरह से 4 प्लेन हाईजैक कर हमला किया था। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराए गए। पहला क्रैश 8 बजकर 45 मिनट पर हुआ। बोइंग 767 तेज रफ्तार से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर से जा टकराया। 18 मिनट बाद एक दूसरा बोइंग 767 बिल्डिंग के साउथ टॉवर से जा टकराया था। इन हमलों में लगभग 3000 लोग मारे गए थे।



## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में दो नक्सलियों का सरेंडर

- 8 लाख रुपए का ईनाम था,परिवार के दबाव में हथियार डाले

**गढ़चिरौली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में शनिवार को दो नक्सलियों ने सीआरपीएफ और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इन दोनों पर 8 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस के मुताबिक 55 साल के रामसु दुर्गु पोयम उर्फ नरसिंह और 25 साल के रमेश कुंजाम उर्फ गोविंद ने सरेंडर किया है। रामसु महाराष्ट्र के गढ़चिरौली का, जबकि रमेश छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। दोनों नक्सलियों पर सरेंडर के लिए परिवार ने दबाव बनाया था। साथ ही गढ़चिरौली पुलिस की नक्सलियों पर लगातार बढ़ती कार्रवाई भी सरेंडर करने की बड़ी वजह है। दोनों को नक्सली पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार से घोषित इनाम के रूप में 4.5 लाख रुपए मिलेंगे। रामसु दुर्गु ने 1992 में नक्सली संगठन टिपागढ़ एलओएस को जॉइन किया था। इसके बाद उसने 2010 में कुतुल और नेलनार एलओएस जॉइन की थी, जहां उसने एरिया कमेटी सदस्य के तौर पर काम किया। रामसु के खिलाफ करीब 12 मामले दर्ज हैं जिनमें छह मुठभेड़, पांच मर्डर और एक डकैती का मामला है।

## कानपुर की कार्बाइन से होगा दुश्मन का काम तमाम

- ग्लैशियर टेस्ट में हो गई पास, एक मिनट में किए थे 700 फायर
- गर्मी और बरसात के टेस्ट में कार्बाइन को पहले ही मिली सफलता



**कानपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में तैयार किया गया कार्बाइन दुश्मनों का काम तमाम करेगा। कार्बाइन ने पहले ही गर्मी और बरसात का टेस्ट पास किया था। अब इस कार्बाइन ने ग्लेशियर टेस्ट में भी सफलता हासिल की है। एक मिनट में 700 फायर करने वाले इस कार्बाइन को अब सेना और सशस्त्र बलों के लिए बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की तैयारी की जा रही है। आतंकियों से करीबी मुठभेड़ में यह हथियार काफी कारगर साबित होगा। सीक्यूबी यानी क्लोज क्वार्टर बैरल कार्बाइन का निर्माण स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री में किया गया है। सीक्यूबी कार्बाइन का सेना ने तीसरा और फाइनल सफल परीक्षण किया है। इसके बाद अब इसके बल्क उत्पादन की तैयारी की जा रही है। एसएफ की टीम ने सेना की ट्रायल विंग के साथ हिमाचल प्रदेश के सुमरो में टेस्ट किया। ग्लेशियर में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस तापमान में हुए ट्रायल में कार्बाइन ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया है। इससे पहले इसी कार्बाइन का तमिलनाडु के त्रिची में बारिश के मौसम और राजस्थान के रेगिस्तान सीमा पर हाई टेंपरेचर में सफल दक्षता परीक्षण हो चुका है। ग्लेशियर क्षेत्र की रेंज में सीक्यूबी कार्बाइन के टेस्ट के लिण् एसएफ की टीम 2 दिसंबर को रवाना हुई थी। टीम 14 दिसंबर को वापस लौटी। ग्लेशियर टेस्ट का रिजल्ट एसएएफ अधिकारियों के चेहरे पर खुशियां लाने वाला रहा। गर्मी, बारिश के बाद ग्लेशियर की ठंडक वाले मौसम में भी यह काबाईन अपने लक्ष्य को भेदने में कामयाब रही है।





